पत्र सूचना कार्यालय/Press Information Bureau
भारत सरकार/Government of India
देहरादून/Dehradun
***

समाचार पत्र का नाम THE PIONEER अवधि DAILY
Name of Newspaper Periodicity
प्रकाशन का स्थान दिनांक
Place of Publication D. DUN Dated 2-6-18

# Javadekar lists out Modi Govt's achievements

PNS ■ DEHRADUN

In last four years of Narendra Modi led National Democratic Alliance (NDA) Government a clearly distinguishable change has occurred in every field and people of all sections of society have benefited from this change said the Union Human Resource Development (HRD) Minister Prakash Javadekar while listing the achievements of last your years of Narendra Modi Government to the media persons here on Friday. He said that under the Mudra Scheme, more than four Crore people have been able to start their own enterprise. He claimed that more than 10 lakh new employment have been generated in the IT sector in last your years.

Similarly 10 lakh teachers were recruited apart from them lakhs of jobs are being created in infrastructure sector, the Minister said. The Union HRD said that for the first time in the history of the country 31 Crore Jan Dhan accounts were opened in the banks and by paying ₹12 in a year, 12 Crore people availed the benefit of accidental insurance similarly 1 Crore people are getting the benefit of Atal Pension Scheme. The Minister said that for middle class, the Government has reduced the tax on income up to ₹5 lakh per annum.

He informed that the Union Government wanted to give constitutional status to the OBC commission but Congress party blocked the bill in Rajya Sabha. Javadekar said that the Government is developing five places associated with birth, working and death of B R Ambedkar as a tribute to the great leader. The Government would soon implement the recommendations of Swaminathan committee report which suggests that farmers should get a price in which an amount equal to 50 percent of cost of production is added to the production cost. Javadekar claimed that for MSP for the Khariff crops which would be announced soon would be based on the Swaminathan committee report.

On internal security front, the Minister said that the incidences of terrorist activity has drastically reduced and peace prevails in most parts of the country.

Giving an example, he said that the influence of Naxalites has reduced from 16 States to only four States now. On the education front, the Minister claimed that positive changes are clearly visible due to the steps like learning outcome test and fixing of responsibilities. He said that the overall pass percentage of Central Board of Secondary Education (CBSE) this year is 83 percent but a micro analysis reveals that the pass percentage of KV schools and Navodaya Vidhyalayas is 98.

The Minister said that the Modi Government has abolished the VIP culture.

On rising fuel prices he disclosed that the Government is working on a plan in association with the states to address the issue. Javadekar termed coming together of opposition parties of different hues against BJP as opportunistic. He brushed aside the defeat of BJP candidates in Kairana and other by- elections and said that these elections are different from general elections.




Union Minister Prakash Javadekar addresses the media as CM TS Rawat looks on in Dehradun on Friday Pioneer photo

# HRD ministry could grant concession to Spl BTC teachers

PNS ■ DEHRADUN

In a good news for thousands of Special Basic Teachers Training (BTC) qualified primary school teachers whose jobs are under threat due to the compulsion of doing Diploma In Elementary Education ( DElEd) before March 2019 , the Union Human Resource Ministry is planning to grant special concession to them. The Union HRD Minister Prakash Javadekar said that the ministry of aware of the issue and a plan to relax norms for these in service teachers who have done special BTC course on the lines of similar concession given in Uttar Pradesh (UP) is on anvil.

It is worth mentioning here that there are more than are 17000 Special BTC in Uttarakhand. These teachers are Bachelor of Education (BEd) qualified but to make them eligible to teach in the primary classes the education department imparted them an in service training of special BTC in different District Institutes of Teachers Training (DIET) from the year 2001 to 2016. Such teachers were appointed in the Primary teacher cadre of state education department during different periods after the creation of a separate state but the all important recognition from the National Council of Teacher Education (NCTE) was not taken by the education department of Uttarakhand. These teachers after having refused the offer of bridge course from National Institute of Open Schooling (NIOS) are worried on the prospect of losing their job.

After the issue came to fore the State education department pleaded that NCTE should grant recognition in retrospection. This request was not accepted by apex body of teacher education leaving these teachers in lurch.

It is learnt that now a plan to provide an in service six month training to these teachers has got the acceptance of the HRD ministry.

भारत सरकार/Government of India
देहरादून/Dehradun

समाचार पत्र का नाम / Name of Newspaper: GARHWAL POST — अवधि / Periodicity: DAILY
प्रकाशन का स्थान / Place of Publication: D. DUN — दिनांक / Dated: 2-6-18

# Modi Govt has ensured corruption free governance: Javadekar

By ARUN PRATAP SINGH

**DEHRADUN, 1 Jun:** Union HRD Minister Prakash Javadekar claimed today that the Modi Government was a Government with a Mission, not Commission. Addressing a press conference at a local hotel here, today, he said the major difference between the Modi led NDA Government and the previous Manmohan Singh led UPA Government was corruption. While during the ten years of UPA rule, a large number of union ministers faced serious charges of corruption, the present Modi Government was clean and not a single Union Minister could be accused of corruption.




Javadekar was speaking on the achievements of the Modi Government during the past 48 months of its rule.

He added that those who looked at the bypoll results as an expression of public opinion on Narendra Modi Government's performance were wrong. He added that bypolls were never a referendum on the Centre's performance. However, the BJP was closely looking at the results and the reasons for any losses. Highlighting steps taken in the infrastructure sector over the past four years, Javadekar also mentioned the All Weather Roads Project for Chardham in Uttarakhand, on which work was underway on a war footing and added that despite some hurdles as a result of NGT directives, work would be further speeded up soon.

He dismissed the idea that a united opposition would be a major hurdle for BJP retaining power in the 2019 general polls. He claimed that such alliances would not last and that bypolls were different from the general polls. In the next polls, BJP would again perform well and even better, he asserted.

The BJP leader claimed that major steps had been taken by the Modi Government to ensure greater transparency and eradication of corruption. He added that during the Congress rule, letters were sent from 10 Janpath (residence of then Congress President Sonia Gandhi) to the ministries directing allocation of mining. Mining was a major source of corruption then. However, the Modi Government ensured transparent allocation of mines on lease through a bidding process which not only ensured fair allocation of mining leases, but also greater income to the government exchequer. During the UPA rule, it was the private pockets that were filled in the process of allocation of mines.

***Please see page ... 3***

पत्र सूचना कार्यालय/Press Information Bureau
भारत सरकार/Government of India
देहरादून/Dehradun
***

समाचार पत्र का नाम / Name of Newspaper: GARHWAL POST — अवधि / Periodicity: DAILY

प्रकाशन का स्थान / Place of Publication: D.DUN — दिनांक / Dated: 2-6-18

# Govt schools performing better: Javadekar



By OUR STAFF REPORTER

**MUSSOORIE, 1 Jun:** Union Human Resource Development (HRD) Minister Prakash Javadekar reached the St George's College Helipad today by helicopter, from where he went to the Lal Bahadur Shastri National Academy of Administration by road. He was welcomed by the Academy Director.

Minister Javadekar attended the closing session of a three day workshop on HRD organised at LBSNAA. Also present was MoS Dr Dhan Singh Rawat was also present.

Addressing media persons at the St George's Helipad, Javadekar said that during the workshop on HRD many issues regarding schools and higher education were discussed with the IAS officers and many suggestion were recorded, which would be used while preparing projects for reforming the education system in government schools. He expressed his happiness at the results of government schools, which had been better than those of private schools. He said the quality of education in government schools was improving by the day.

He further said that the Central Government under the leadership of Prime Minister Narendra Modi had been working hard over the last four years on the improvement of government education and the results were there to see. The perception of the people had changed regarding the higher education provided in government institutions and soon changes would also be seen in rankings.

पत्र सूचना कार्यालय/Press Information Bureau
भारत सरकार/Government of India
देहरादून/Dehradun
***

समाचार पत्र का नाम / Name of Newspaper: दैनिक भास्कर
अवधि / Periodicity: दैनिक
प्रकाशन का स्थान / Place of Publication: देहरादून
दिनांक / Dated: 2-6-18

Dainik Bhaskar 2/6

# अब सत्ता के गलियारे से दलाल हुए गायब

- कांग्रेस के 48 साल मोदी के 48 महीने के बराबर : जावड़ेकर

भास्कर समाचार सेवा

देहरादून। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि कांग्रेस के 48 साल का कार्यकाल मोदी सरकार के 48 महीने बराबर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 48 साल के शासन में मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगे, सिद्ध भी हुए और जेल भी गए, लेकिन 48 महीने में भाजपा पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा।



देहरादून में प्रकाश जावड़ेकर ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि सामूहिक प्रश्न यह है कि मोदी सरकार ने चार साल में क्या बदला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जो 48 साल में नहीं बदल पाई, मोदी सरकार के 48 महीने में बदलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगे, जो सिद्ध भी हुए, लेकिन एनडीए के 48 महीने के कार्यकाल में एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा।

जावड़ेकर ने कहा कि पहले दिल्ली में दलालों की भीड़ होती थी, लेकिन अब सत्ता के गलियारे से दलाल गायब हो गए, जिसका कारण है कि पहले सरकार कमीशन के लिए काम करती थी और अब केवल मिशन के लिए काम करती है।

पत्र सूचना कार्यालय/Press Information Bureau
भारत सरकार/Government of India
देहरादून/Dehradun
***

समाचार पत्र का नाम / Name of Newspaper: दैनिक जागरण
अवधि / Periodicity: दैनिक
प्रकाशन का स्थान / Place of Publication: देहरादून
दिनांक / Dated: 2-6-18

दैनिक जागरण -2/6

# निजी विवि में लूट-खसोट पर लगेगा अंकुश

## निजी विश्वविद्यालय कानूनों की समीक्षा कर रही है केंद्र सरकार : प्रकाश जावड़ेकर

**राज्य ब्यूरो, देहरादून:** केंद्र सरकार निजी विश्वविद्यालयों के स्तर पर की जा रही लूट-खसोट पर अंकुश लगाने जा रही है। इसके लिए निजी विश्वविद्यालयों के कानूनों की समीक्षा की जा रही है। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि सरकार उक्त मसले को गंभीरता से देख रही है। वहीं शिक्षा की गुणवत्ता के लिए अगले वर्ष 2019 से पांचवीं और आठवीं कक्षाओं की बोर्ड परीक्षाएं होंगी। इसके लिए आगामी जुलाई माह में विधेयक लाया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री जावड़ेकर ने शुक्रवार को राजपुर रोड स्थित एक होटल में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हर राज्य में निजी विश्वविद्यालयों के लिए कानून बने हैं। केंद्र सरकार इन कानूनों की समीक्षा कर रही है। इनमें लूट को रोकने और शिक्षा की गुणवत्ता की व्यवस्था बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सीबीएसई की परीक्षा प्रणाली को चुस्त किया जा रहा है। भविष्य में पेपर लीक होने की पुनरावृत्ति नहीं होगी।

### पत्रकार वार्ता

- अगले वर्ष से पांचवीं-आठवीं की बोर्ड परीक्षा, जुलाई में लाएंगे विधेयक
- 2019 में मोदी होंगे चेहरा, विपक्षी दलों की एका का उद्देश्य नहीं होगा पूरा
- खरीफ सत्र से किसानों को मिलेगा बढ़ा हुआ उपज मूल्य, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें करेंगे लागू
- पेट्रोल-डीजल मूल्य नियंत्रण को होंगे दीर्घकालिक उपाय



शुक्रवार को राजपुर रोड स्थित एक होटल में पत्रकारों से वार्ता करते केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावडेकर। साथ में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत • जागरण

### पेट्रोल-डीजल मूल्य होगा नियंत्रित

मोदी सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर सरकार की उपलब्धियों का विस्तार से जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों और गरीबों के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। केंद्र सरकार किसानों को राहत देने के लिए स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें लागू करने जा रही है। 15 दिन बाद खरीफ सत्र से इसकी शुरुआत होगी। किसानों को कृषि उपज पर आने वाली कुल लागत के साथ ही 50 फीसद अतिरिक्त धन मिलेगा। पेट्रोल-डीजल के बढ़ते मूल्य को नियंत्रित करने के लिए दीर्घकालिक उपाय किए जाएंगे। अलबत्ता, पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने के बारे जीएसटी काउंसिल में राज्य के वित्त मंत्रियों की सलाह पर ही फैसला लिया जाएगा।

### कांग्रेस पर बोला हमला

केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 48 साल तक एक ही परिवार के शासन के बाद अब 48 महीने मोदी सरकार के भी जनता देख रही है। मोदी सरकार ने वीआइपी कल्चर खत्म कर दिया। दिल्ली में सत्ता के गलियारे से दलाल खत्म हो गए हैं। सरकार जनता के लिए मिशन के तौर पर काम कर रही है, कमीशन के लिए नहीं। उन्होंने खदानों के आवंटन में पारदर्शिता, उज्ज्वला योजना, देश में तेजी से शौचालय निर्माण, सौभाग्य योजना समेत कई केंद्रीय योजनाओं की उपलब्धियों का विस्तार से जिक्र किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ धन सिंह रावत एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अजय भट्ट उपस्थित थे।

**मोदी हटाओ की मांग बेमतलब:** उपचुनाव में भाजपा को कामयाबी नहीं मिलने को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने यह स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्र सरकार और भाजपा के लिए बड़ी उम्मीद हैं। उन्होंने कहा कि उपचुनाव में प्रधानमंत्री प्रचार नहीं करते। इसमें मतदान भी आम चुनाव से कम रहा है। अलबत्ता, 2019 के आम चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा का चेहरा होंगे। मोदी हटाओ की मांग विपक्ष की मांग का कोई अर्थ नहीं है। इसे लेकर विपक्षी दलों के इकट्ठा होने या किसी भी कोई गठजोड़ का उद्देश्य पूरा नहीं होगा। गठजोड़ मोदी के सामने असरदार नहीं रहेगा।

पत्र सूचना कार्यालय/Press Information Bureau
भारत सरकार/Government of India
देहरादून/Dehradun
***

समाचार पत्र का नाम / Name of Newspaper: हिन्दुस्तान
अवधि / Periodicity: दैनिक
प्रकाशन का स्थान / Place of Publication: देहरादून
दिनांक / Dated: 2-6-18

हिन्दुस्तान - 2/6

देहरादून में केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने गिनाईं सरकार की प्रमुख उपलब्धियां

# विशिष्ट बीटीसी शिक्षकों का मुद्दा यूपी की तरह सुलझेगा

देहरादून | मुख्य संवाददाता

केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा है कि उत्तराखंड के विशिष्ट बीटीसी वाले शिक्षकों का मुद्दा यूपी की तर्ज पर हल किया जाएगा। इस विषय पर वे राज्य की टीम को दिल्ली बुलाएंगे, जल्द ही इसका समाधान कर लिया जाएगा।

मोदी सरकार के चार साल के कार्यकाल पर देहरादून में मीडिया से बातचीत करते हुए जावड़ेकर ने कहा कि सरकार शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए 15 लाख प्राइमरी शिक्षकों को डीएलएड और ब्रिज कोर्स करवा रही है।अगले साल से पांचवीं और आठवीं में परीक्षा आयोजित की जाएगी, इस विषय पर सभी राज्य सहमत हैं।

जावड़ेकर ने कहा कि शिक्षा लोन में सरकार ब्याज पर सब्सिडी देने जा रही है। बीते चार सालों के प्रयासों का नतीजा है कि इस बार सरकारी स्कूलों का रिजल्ट निजी स्कूलों से बेहतर रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री डॉ. धन सिंह रावत, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अजय भट्ट और मीडिया प्रभारी डॉ. देवेंद्र भसीन भी उपस्थित रहे। इससे पहले वित्त मंत्री प्रकाश पंत, शिक्षा मंत्री अरविंद पांडेय ने भी जावड़ेकर से भेंट की। उनसे विशिष्ट बीटीसी के साथ ही आरटीई की लंबित फीस, रमसा और शिक्षा प्रेरकों पर बात की।



देहरादून में शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर। •हिन्दुस्तान

## एससी-एसटी मामले में अध्यादेश लाएगी सरकार

**देहरादून।** केंद्रीय मंत्री जावड़ेकर ने कहा कि सरकार अनुसूचित जाति और जनजाति एक्ट के तहत सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई का इंतजार कर रही है। दो जुलाई को सुप्रीम कोर्ट अवकाश के बाद खुलेगा। पांच जुलाई को सुनवाई होने की संभावना है। अनुकूल फैसला नहीं आने पर एससी-एसटी एक्ट की मजबूती के लिए अध्यादेश लाया जाएगा। यह बात उन्होंने अनौपचारिक चर्चा के दौरान कही।

इससे पहले जावड़ेकर ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में एक भी मंत्री पर भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगे, जबकि कांग्रेस के कितने ही मंत्री जेल तक गए। अब दिल्ली के सत्ता गलियारों में दलाल तंत्र खत्म हो चुका है। अब तक 50 से अधिक विभिन्न प्रकार की खदानों का आवंटन हो चुका है, जिसमें एक पैसे का भी भ्रष्टाचार नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार के 48 साल राज कमीशन के नाम रहे, जबकि मोदी सरकार के 48 माह मिशन के नाम रहे। भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों की एकता महज मोदी के विरोध के लिए है। इसे जनता खारिज कर देगी।

**15** लाख प्राइमरी शिक्षकों को डीएलएड और ब्रिज कोर्स करवा रही है केंद्र सरकार

## किसानों को अगली फसल से फायदा होगा

जावड़ेकर ने देशभर में चल रहे किसान आंदोलन पर कहा कि देश के किसान बीते 40 दशक से लाभकारी मूल्य की लड़ाई लड़ रहे हैं। इसके लिए स्वामीनाथन आयोग ने लागत मूल्य पर पचास प्रतिशत मूल्य देने की सफारिश की है। सरकार ने उक्त सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है। अगले कुछ दिन में खरीफ के भाव घोषित होने जा रहे हैं, इसमें इसका असर नजर आएगा। फसल उत्पादन मूल्य में जमीन का किराया, पारिवारिक श्रम, फसल बीमा और अन्य जोखिमों को शामिल किया जाएगा। इससे किसानों की आय में कई गुना की बढ़ोतरी होगी। कुल 24 प्रकार की फसलों को इसके दायरे में लिया गया है। जबकि प्याज-टमाटर उत्पादक किसानों के लिए अलग व्यवस्था बनाई जा रही है। कैराना चुनाव में गन्ना मूल्य के मुद्दा पर उन्होंने कहा कि कुछ जगह पर किसानों का भुगतान न होने का मुद्दा जरूर रहा, लेकिन यह हार का एक मात्र मुद्दा नहीं रहा।

पत्र सूचना कार्यालय/Press Information Bureau
भारत सरकार/Government of India
देहरादून/Dehradun
***

समाचार पत्र का नाम / Name of Newspaper: दैनिक जागरण
अवधि / Periodicity: दैनिक
प्रकाशन का स्थान / Place of Publication: देहरादून
दिनांक / Dated: 2-6-18

# राज्य के 16 हजार शिक्षकों को जल्द मिलेगी राहत

राज्य ब्यूरो, देहरादून: अप्रशिक्षित का तमगा लगने से जिल्लत झेल रहे राज्य के 16 हजार से ज्यादा प्राथमिक शिक्षकों के लिए राहत की खबर है। इन शिक्षकों के विशिष्ट बीटीसी प्रशिक्षण को अब उत्तरप्रदेश की तर्ज पर ही मान्यता मिल सकती है। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि इस संबंध में विचार किया जा रहा है।

प्रदेश के 16,608 शिक्षकों के विशिष्ट बीटीसी प्रशिक्षण को एनसीटीई ने मान्यता नहीं दी है। हालांकि उत्तरप्रदेश की तर्ज पर ही उत्तराखंड ने भी विशिष्ट बीटीसी प्रशिक्षण देकर उक्त शिक्षकों की नियुक्ति की थी। केंद्र सरकार इन शिक्षकों को अप्रशिक्षित करार देकर दोबारा प्रशिक्षण लेने का फरमान दे चुकी है। अगले वर्ष 2019 तक प्रशिक्षण लेना अनिवार्य किया गया है। इसके बाद उक्त शिक्षकों को अप्रशिक्षित मानते हुए बाहर का रास्ता भी दिखाया जा सकता है। दरअसल, विशिष्ट बीटीसी प्रशिक्षण को एनसीटीई की मान्यता दिलाने को लेकर शिक्षा महकमे की लापरवाही शिक्षकों पर भारी पड़ चुकी है। तकरीबन दस वर्ष पहले महकमे की ओर से उक्त प्रशिक्षण की मान्यता के लिए एनसीटीई से इजाजत लेने की जरूरत नहीं समझी। इसके विपरीत उत्तरप्रदेश सरकार की ओर से इस संबंध में औपचारिकताएं पूरी की गई थी।

अब प्रदेश के शिक्षक इस मामले में विभाग और सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए उन्हें जानबूझकर परेशान करने का आरोप लगा रहे हैं। फिलहाल शिक्षकों के आंदोलन और तीखे तेवरों को देखते हुए राज्य सरकार कई मर्तबा इस मुद्दे को लेकर एमएचआरडी में दस्तक दे चुकी है। शुक्रवार को दून में पत्रकारों से मुखातिब केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने आश्वस्त किया कि उत्तरप्रदेश की तर्ज पर भी उत्तराखंड के लिए भी व्यवस्था बनाई जाएगी। केंद्रीय मंत्री का आश्वासन जमीन पर उतरा तो शिक्षकों को बड़ी राहत मिलना तय है।

### मंथन

- उत्तराखंड के शिक्षकों के विशिष्ट बीटीसी प्रशिक्षण को उप्र की तर्ज पर मान्यता जल्द
- एनसीटीई की मान्यता दिलाने को लेकर विभाग की लापरवाही शिक्षकों पर भारी पड़ चुकी है

### मोदी का विजन देश की तरक्की को बड़ा कदम

केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर की पत्रकारवार्ता के बाद मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का न्यू इंडिया का विजन देश को खुशहाली और तरक्की के रास्ते पर ले जाने का बड़ा कदम है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा मिशन के तहत गरीब परिवारों को पांच लाख रुपये तक बीमा कवरेज दिया जाएगा।

पत्र सूचना कार्यालय/Press Information Bureau
भारत सरकार/Government of India
देहरादून/Dehradun
***

समाचार पत्र का नाम / Name of Newspaper: उत्तराखण्ड हैराल्ड    अवधि / Periodicity: दैनिक
प्रकाशन का स्थान / Place of Publication: देहरादून    दिनांक / Dated: 2-6-18

उत्तराखण्ड हैराल्ड/2/6

# देश को तरक्की के रास्ते पर ले जा रहा यू इण्डिया का विजन

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शुक्रवार को राजपुर रोड स्थित एक स्थानीय होटल में केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्री प्रकाश जावडेकर की प्रेस कांफ्रेंस के बाद मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने गत सफल चार वर्षों में देश के चहुंमुखी विकास और सभी के कल्याण के लिये ढेरों कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री का न्यू इण्डिया का विजन देश को खुशहाली और तरक्की के रास्ते पर ले जाने के लिये एक बड़ा कदम है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर देश की प्रतिष्ठा में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। देश ने आर्थिक, सामाजिक समृद्धि एवं विकास की नई ऊँचाइयों को छुआ है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत देश का स्वच्छता कवरेज 38 प्रतिशत से बढ़कर 83 प्रतिशत हो गया है। गत 04 वर्षों में सड़क परिवहन में उल्लेखनीय तेजी से कार्य हो रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा मिशन के तहत गरीब परिवारों को 05 लाख रुपये तक का बीमा कवरेज दिया जा रहा है। मात्र 02 वर्षों के भीतर ही उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 04 करोड़ महिलाओं को निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन देकर धुँआ मुक्त जीवन दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत वर्ष 2022 तक सबको आवास दिए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

केन्द्र सरकार द्वारा 1200 अप्रासंगिक कानूनों को खत्म किया जा चुका है। प्रधानमंत्री जी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम को प्रभावी तरीके से बढ़ाया गया है।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि प्रधानमंत्री के भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत 04 वर्षों में केंद्र सरकार के किसी भी मंत्री पर भ्रष्टाचार संबंधी कोई आरोप नहीं है। जी.एस.टी. से कर प्रणाली एवं व्यापार आसान हो रहा है। मुंबई से अहमदाबाद बुलेट ट्रेन का कार्य त्वरित गति से चल रहा है। सौभाग्य योजना के द्वारा करोड़ों घरों में बिजली पहुंचाई गई है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने हेतु ठोस कदम उठाए गए हैं।

इससे एक दिन पहले 15 को दरभंगा में विशाल सभा को संबोधित करेंगे यूपी के सीएम

प्रदेश अध्यक्ष नित्यानंद ने नैतिकता के आधार पर सीएम व शिक्षा मंत्री से मांगा इस्तीफा



भारत सरकार/Government of India
देहरादून/Dehradun
***

समाचार पत्र का नाम / Name of Newspaper: राष्ट्रीय सहारा — अवधि / Periodicity: दैनिक
प्रकाशन का स्थान / Place of Publication: देहरादून — दिनांक / Dated: 2-6-18

# जावड़ेकर ने गिनायी मोदी सरकार की उपलब्धियां

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने मोदी सरकार के चार साल के कार्यकाल को सफलतम बताते हुए कहा कि कांग्रेस के समय होने वाले सारे गलत काम रुक गये हैं। उन्होंने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार रोकने के लिए कड़े कानून बनाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस उसे पास नहीं होने दे रही। उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना के तहत 12 करोड़ लोगों को सीधे रोजगार मिला। जबकि सरकारी व अन्य रोजगार भी बेरोजगारों को मिलते रहे।

शुक्रवार को देहरादून दौरे के बाद राजपुर रोड स्थित एक होटल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जावड़ेकर ने कांग्रेस के शासन को देश के लिए सबसे खराब करार दिया और कहा कि उनके 48 साल के शासन में दिल्ली में बड़े-बड़े ... लेकिन मोदी के 48 महीने के ... गायब हो गये हैं। उन्होंने कहा कि ...मेंट आफ मिशन नॉट कमिशन।' ...हा कि देश में सबसे बड़े घोटाले ...टन में होते थे। कांग्रेस के शासन में ...ब्दान अलाट करने के लिए चिट्ठी ...न मोदी सरकार ने इसमें पारदर्शिता ...ई टेंडरिंग शुरू की और मेरिट के ...ा आवंटन किया। अब तक 50 से ... का आवंटन हो चुका है, जिससे



पत्रकारों को संबोधित करते प्रकाश जावड़ेकर।

**48 साल बनाम 48 महीने की तुलना करते हुए सफल बताया**

**कांग्रेस पर हमलावर रहे केंद्रीय मंत्री, कहा- कानून नहीं बनाने दे रहे**

**मुद्रा योजना में 12 करोड़ रोजगार व किसानों को बड़ी राहत का दावा**

सीधे सरकारी खजाने में पैसा आ रहा है।

उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने इस बात को स्वीकार किया था कि वे दिल्ली से सौ रुपया भेजते हैं तो लाभार्थी तक सिर्फ 15 रुपया पहुंचता है। भाजपा नेता ने कहा कि बाकी के 85 रुपये बीच में कांग्रेसी ही खा जाते थे, लेकिन आज इतनी पारदर्शिता हो गयी है कि दिल्ली से भेजा जाने वाला सौ रुपया पूरे का पूरा लाभार्थी के पास पहुंचता है। उन्होंने कहा कि 400 योजनाओं के तहत 20 करोड़ लाभार्थी इस बात को समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 3 लाख सेल कंपनियां बंद कर दी हैं। बेनामी संपत्ति कानून बनाया है, भ्रष्टाचार को लेकर दो और कानून बनाना चाह रहे हैं, लेकिन कांग्रेस संसद नहीं चलने दे रही। उन्होंने मोदी सरकार के द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि गरीबों के लिए 7.5 करोड़ शौचालय बनाये गये, एलईडी बल्ब जो 300 का मिलता था, उत्पादकों से बात करते सीधे 70 रुपये का कराया गया। एलईडी से ही देश की 15000 करोड़ की बिजली बच रही है। पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अजय भट्ट व उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत, भाजपा मीडिया प्रभारी देवेंद्र भसीन व पीआईबी के अधिकारी मौजूद थे।

## मोदी सरकार ने देश को खुशहाली व तरक्की के रास्ते पर अग्रसर किया : त्रिवेंद्र

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने गत चार वर्षों में देश के चहुमुंखी विकास और सभी के कल्याण के लिए ढेरों कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का न्यू इण्डिया का विजन देश को खुशहाली और तरक्की के रास्ते पर ले जाने के लिए एक बडा कदम है।

शुक्रवार को राजपुर रोड स्थित एक होटल में केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री प्रकाश जावडेकर की प्रेस कान्फ्रेंस के बाद मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की प्रतिष्ठा मे अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। देश ने आर्थिक, सामाजिक समृद्धि एवं विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। आज स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत देश का स्वच्छता कवरेज 38 प्रतिशत से बढ़कर 83 हो गया है। गत चार वर्षो में सड़क परिवहन में उल्लेखनीय तेजी से कार्य हो रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा मिशन के तहत गरीब परिवारों को पांच लाख रुपये तक का बीमा कवरेज दिया जा रहा है। मात्र दो वर्षो के भीतर ही उज्ज्वला योजना के अंतर्गत चार करोड़ महिलाओं को निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन देकर धुंआ मुक्त जीवन दिया गया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत वर्ष 2022 तक सबको आवास दिए जाने का लक्ष्य रखा गया है। केन्द्र सरकार द्वारा 1200 अप्रासंगिक कानूनों को खत्म किया जा चुका है। प्रधानमंत्री द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम को प्रभावी तरीके से बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के भ्रष्यचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत चार वर्षो में केंद्र सरकार के किसी भी मंत्री पर भ्रष्यचार संबंधी कोई आरोप नहीं है। जीएसटी से कर प्रणाली एव व्यापार आसान हो रहा है। मुंबई से अहमदाबाद बुलेट ट्रेन का कार्य त्वरित गति से चल रहा है। सौभाग्य योजना के द्वारा करोड़ो घरों में बिजली पहुंचाई गई है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं।

समाचार पत्र का नाम— उत्तराखण्ड हेराल्ड अवधि — दैनिक
Name of Newspaper — Periodicity —
प्रकाशन का स्थान — देहरादून — दिनांक — 2-6-18
Place of Publication — Dated —

उत्तराखण्ड हेराल्ड (P16

# निजी विवि में बंद होगी मनमर्जी

## शिक्षा की गुणवत्ता के लिए 2019 से पांचवीं व आठवीं कक्षाओं की बोर्ड परीक्षाएं होंगी

### निजी विश्वविद्यालय में लूट–खसोट पर लगेगा अंकुश: जावड़ेकर

### कहा, हर राज्य में निजी विश्वविद्यालयों के लिए कानून बने हैं

देहरादून।

केंद्र सरकार निजी विश्वविद्यालयों के स्तर पर की जा रही लूट-खसोट पर अंकुश लगाने जा रही है। इसके लिए निजी विश्वविद्यालयों के कानूनों की समीक्षा की जा रही है। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि सरकार उक्त मसले को गंभीरता से देख रही है। वहीं, शिक्षा की गुणवत्ता के लिए अगले वर्ष 2019 से पांचवीं और आठवीं कक्षाओं की बोर्ड परीक्षाएं होंगी। इसके लिए आगामी जुलाई माह में विधेयक लाया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री जावड़ेकर ने शुक्रवार को राजपुर रोड स्थित एक होटल में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हर राज्य में निजी विश्वविद्यालयों के लिए कानून बने हैं। केंद्र सरकार इन कानूनों की समीक्षा कर रही है। इनमें लूट को रोकने और शिक्षा की गुणवत्ता की व्यवस्था बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सीबीएसई की परीक्षा प्रणाली को चुस्त किया जा रहा है। भविष्य में पेपर लीक होने की पुनरावृत्ति नहीं होगी। उपचुनाव में भाजपा को कामयाबी नहीं मिलने को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने यह स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्र सरकार और भाजपा के लिए बड़ी उम्मीद हैं। उन्होंने कहा कि उपचुनाव में प्रधानमंत्री प्रचार नहीं करते। इसमें मतदान भी आम चुनाव से कम रहा है। अलबत्ता, 2019 के आम चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा का चेहरा होंगे। मोदी हटाओ की मांग विपक्ष की मांग का कोई अर्थ नहीं है। इसे लेकर विपक्षी दलों के इकट्ठा होने या किसी भी कोई गठजोड़ का उद्देश्य पूरा नहीं होगा। गठजोड़ मोदी के सामने असरदार नहीं रहेगा।



मोदी सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर सरकार की उपलब्धियों का विस्तार से जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों और गरीबों के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। केंद्र सरकार किसानों को राहत देने के लिए स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें लागू करने जा रही है। 15 दिन बाद खरीफ सत्र से इसकी शुरुआत होगी। किसानों को षि उपज पर आने वाली कुल लागत के साथ ही 50 फीसद अतिरिक्त धन मिलेगा। पेट्रोल-डीजल के बढ़ते मूल्य को नियंत्रित करने के लिए दीर्घकालिक उपाय किए जाएंगे।

अलबत्ता, पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने के बारे जीएसटी काउंसिल में राज्य के वित्त मंत्रियों की सलाह पर ही फैसला लिया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 48 साल तक एक ही परिवार के शासन के बाद अब 48 महीने मोदी सरकार के भी जनता देख रही है। मोदी सरकार ने वीआइपी कल्चर खत्म कर दिया। दिल्ली में सत्ता के गलियारे से दलाल खत्म हो गए हैं। सरकार जनता के लिए मिशन के तौर पर काम कर रही है, कमीशन के लिए नहीं। उन्होंने खदानों के आवंटन में पारदर्शिता, उज्ज्वला योजना, देश में तेजी से शौचालय निर्माण, सौभाग्य योजना समेत कई केंद्रीय योजनाओं की उपलब्धियों का विस्तार से जिक्र किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत भी उपस्थित थे।

पत्र सूचना कार्यालय/Press Information Bureau
भारत सरकार/Government of India
देहरादून/Dehradun
***

समाचार पत्र का नाम / Name of Newspaper: दैनिक भास्कर
अवधि / Periodicity: दैनिक
प्रकाशन का स्थान / Place of Publication: देहरादून
दिनांक / Dated: 2-6-18

D/Bhaskar 2/6

# केंद्रीय मंत्री जावड़ेकर ने शैक्षिक सुधारों पर की चर्चा

भास्कर समाचार सेवा



• लाल बहादूर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी में हुई बैठक

देहरादून। केन्द्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने मसूरी लाल बहादूर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी में राष्ट्रीय उच्च शिक्षा संसाधन केन्द्र की बैठक में शिरकत की।

बैठक में शैक्षिक सुधारों का भविष्य पर विशेषज्ञों के साथ चर्चा की गई।

केन्द्रीय मंत्री प्रकाश जावेड़कर ने कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता कैसे बढे और स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा में इसको लेकर शिक्षा के सभी बड़े अधिकारियों के साथ चिंतन शिविर का आयोजन किया गया।

अधिकारियों ने तीन दिन तक मसूरी के एलबीएस अकादमी में चर्चा की इसके बाद विभाग आगे की रणनीति उच्च शिक्षा को लेकर बनाएगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता बढी है, प्राइवेट स्कूलों के मुकाबले सरकारी स्कूलों का रिजल्ट अच्छा रहा है।

चार साल में मोदी सरकार उच्च शिक्षा में अच्छा काम किया है। इससे दुनिया में उच्च शिक्षा में भारत की पहचान बढी है।

पत्र सूचना कार्यालय/Press Information Bureau
भारत सरकार/Government of India
देहरादून/Dehradun
***

समाचार पत्र का नाम / Name of Newspaper: अमर उजाला — अवधि / Periodicity: दैनिक

प्रकाशन का स्थान / Place of Publication: देहरादून — दिनांक / Dated: 2-6-18

# लोकपाल गठित न होने के लिए कांग्रेस जिम्मेदार : जावड़ेकर

### केंद्र सरकार विधेयक लाई कांग्रेस ने विरोध किया

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून।

केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि केंद्र में लोकपाल गठित न हो पाने के लिए कांग्रेस जिम्मेदार है। केंद्र सरकार विधेयक लाई, लेकिन कांग्रेस ने इसका विरोध किया। जावड़ेकर देहरादून में पत्रकारों के सवालों के जवाब दे रहे थे।

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी के सवाल पर उन्होंने कहा कि इनकी दरें दुनिया के बाजार पर निर्भर करती हैं। उन्होंने कहा कि राज्यों को भी इससे टैक्स मिलता है। उन्होंने इसके लिए दीर्घकालिक उपाय करने होंगे। पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने के सवाल पर जावड़ेकर ने कहा कि यह जीएसटी काउंसिल में तय होना है।

उन्होंने कहा कि विपक्ष पूछ रहा है कि चार साल में मोदी सरकार में क्या बदला? उन्होंने कहा कि चार साल में विकास की तस्वीर बदली है। भ्रष्टाचार खत्म हुआ है और सरकारी कामकाज में पारदर्शिता आई है। उन्होंने कहा कि चार साल में देश में बम विस्फोट होने बंद हो गए। नक्सवादी और माओवादी गतिविधियां 16 राज्यों से सिमटकर चार राज्यों तक सीमित रह गई हैं। चार साल में 21 करोड़ लोगों के जनधन खाते खुले हैं।

एक सर्वे के हवाले से उन्होंने कहा कि चार करोड़ लोगों ने अपना कारोबार शुरु किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गरीब के नाम पर वोट लेती थी, लेकिन उसने गरीबों के खाते नहीं खोले। 12 करोड़ लोगों ने सुरक्षा बीमा लिया, जबकि 330 रुपये भरकर पांच करोड़ लोगों ने जीवन बीमा कराया। एक करोड़ लोगों ने अटल पेंशन ली, जिन्हें 5 हजार रुपये महीना मिलेगी। पहली बार 50 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपये तक के इलाज की मुफ्त सुविधा मिलने जा रही है।

## चार साल में हुआ चहुंमुखी विकास : त्रिवेंद्र

देहरादून। मुख्यमंत्री तिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व ने केंद्र सरकार ने चार साल में देश के चहुंमुखी विकास और सभी के कल्याण के लिये ढेरों कदम उठाए हैं। वह केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर की प्रेस कांफ्रेंस के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का न्यू इंडिया का विजन देश को खुशहाली और तरक्की के रास्ते पर ले जाने के लिए एक बड़ा कदम है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश की प्रतिष्ठा में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। देश ने आर्थिक, सामाजिक समृद्धि एवं विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत देश का स्वच्छता कवरेज 38 प्रतिशत से बढ़कर 83 प्रतिशत हो गया है। भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत किसी भी मंत्री पर भ्रष्टाचार संबंधी कोई आरोप नहीं है। ब्यूरो

## उपचुनाव में हार का भाजपा करेगी विश्लेषण

केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री ने कहा कि भाजपा लोकसभा और विधानसभा के उपचुनाव में मिली हार का विश्लेषण करेगी। भाजपा की हार को मोदी के घटती लोकप्रियता से जोड़कर पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में जावड़ेकर ने कहा कि ऐसा नहीं है। मोदी की लोकप्रियता बढ़ रही है। भाजपा मोदी की लोकप्रियता और अच्छे काम को लेकर लोस चुनाव में जाएगी।

## पहले दस जनपथ की चिट्ठी से मिलती थीं खदानें

जावड़ेकर ने कांग्रेस पर यह कहकर निशाना साधा कि उसके राज में दस जनपथ की चिट्ठी से खदानें मिलती थीं। लेकिन मोदी सरकार में चिट्ठी पर खदानें नहीं मिलती, बल्कि मेरिट पर नीलामी से इनका आवंटन होता है। खदानों के आवंटन में अब भ्रष्टाचार नहीं होता। नीलामी से राजस्व बढ़ा है। जो पैसा प्राइवेट लोगों को जाता था, वह पीएम ने राज्यों को बांटा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 48 साल के शासन में भ्रष्टाचार के आरोप लगे, लेकिन चार साल के शासन में मोदी सरकार के किसी भी मंत्री पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा। कांग्रेस राज में हर काम के लिए दिल्ली में दलाल होते थे। अब वहां दलाली खत्म हो गई है।

पत्र सूचना कार्यालय/Press Information Bureau
भारत सरकार/Government of India
देहरादून/Dehradun
* * *

समाचार पत्र का नाम / Name of Newspaper: अमर उजाला
अवधि / Periodicity: दैनिक
प्रकाशन का स्थान / Place of Publication: देहरादून
दिनांक / Dated: 2-6-18

# 16 हजार शिक्षकों को मिल सकती है राहत

## केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री जावड़ेकर ने दिए संकेत

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून।

शिक्षा विभाग में कार्यरत करीब 16 हजार शिक्षकों को राहत मिल सकती है, जिनके विशिष्ट बीटीसी प्रशिक्षण को राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) ने मान्यता देने से मना कर दिया है। केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने इसके संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार उत्तराखंड के शिक्षकों के मामले में भी देख रही है कि यूपी की तरह उन्हें कैसे राहत मिल सकती है। उन्होंने कहा कि यूपी में जैसा न्याय हुआ है, उत्तराखंड में भी न्याय होगा।

राज्य गठन के बाद प्रदेश में बड़ी संख्या खाली शिक्षकों के पदों को भरने के लिए प्रदेश सरकारों ने समय-समय पर विशिष्ट बीटीसी प्रशिक्षण कराए। उत्तरप्रदेश की तर्ज पर प्रदेश में ऐसे विशिष्ट बीटीसी प्रशिक्षितों को शिक्षा विभाग में नियुक्त भी कर लिया गया। लेकिन एनसीटीई ने विशिष्ट बीटीसी प्रशिक्षण को

### विशिष्ट बीटीसी प्रशिक्षितों की मान्यता का है मामला

मान्यता देने से इनकार कर दिया। इससे प्रदेश के 16 हजार विशिष्ट बीटीसी प्रशिक्षित शिक्षकों में बेचैनी व्याप्त हो गई। वे गोलबंद हुए और उन्होंने प्रदेश सरकार के खिलाफ आंदोलन भी छेड़ा। प्रदेश सरकार ने भी उनकी मांग को केंद्रीय मानव संसाधन मंत्रालय के समक्ष कई बार उठाया। इस बीच एनसीटीई का दबाव बढ़ने से सरकार के स्तर पर विशिष्ट बीटीसी प्रशिक्षित शिक्षकों पर दोबारा डीएलएड का दो वर्षीय पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण कराने की प्रक्रिया आरंभ हो गई। नेशनल ओपन स्कूल से प्रशिक्षण की व्यवस्था भी लागू कर दी गई। लेकिन विशिष्ट बीटीसी प्रशिक्षित शिक्षक डीएलएड का प्रशिक्षण लेने को तैयार नहीं हैं। इस मसले पर गतिरोध बरकरार है। उधर, उत्तरप्रदेश में विशिष्ट बीटीसी प्रशिक्षितों को

> मेरी जावड़ेकर जी से बात हुई है। मैंने उनसे अनुरोध किया है कि जिस तरह से विशिष्ट बीटीसी प्रशिक्षितों को यूपी में राहत मिली है, उसी तरह उत्तराखंड के शिक्षकों को भी राहत दी जाए। उन्होंने इस मामले पर विचार करने का आश्वासन दिया है।
>
> -अरविंद पांडेय, विद्यालयी शिक्षा मंत्री

एनसीटीई से राहत मिलने की खबर है। इसके बाद शिक्षकों का सरकार पर और ज्यादा दबाव बढ़ गया है।

देहरादून दौरे पर आए केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि विद्यालयी शिक्षा मंत्री अरविंद पांडेय के साथ इस मसले पर उनकी वार्ता हुई। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अब उत्तरप्रदेश की तरह उत्तराखंड के मामले में भी राहत का रास्ता तलाशेगी। उत्तरप्रदेश में शिक्षकों को न्याय मिला है तो उत्तराखंड में भी मिलेगा। उनके इस संकेत से विशिष्ट बीटीसी प्रशिक्षितों को राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

## सरकारी स्कूलों में बढ़ रही शिक्षा की गुणवत्ता

अमर उजाला ब्यूरो

मसूरी।

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी (एलबीएसएनएए) में बेहतर शिक्षा के लिए आयोजित चिंतन शिविर में शिरकत करने मसूरी पहुंचे केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि पहली बार सरकारी स्कूलों के परिणाम इतने बेहतर आए हैं। यह बताते हैं कि देश के सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ रही है। जावड़ेकर ने कहा कि अकादमी में हुए चिंतन और मंथन के बाद शिक्षा के स्तर को और बेहतर करने की कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

शुक्रवार को एलबीएसएनएए से लौटते समय प्रकाश जावड़ेकर ने हेलीपैड पर पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि तीन दिनों तक एलबीएसएनएए में आयोजित शिविर में स्कूली शिक्षा और उच्च



प्रकाश जावड़ेकर

शिक्षा में आ रहे बदलाव और गुणवत्तापरक शिक्षा पर चिंतन और मंथन किया गया, जिसमें प्रतिभाग करने का मौका मिला।

जावड़ेकर ने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मोदी सरकार ने पिछले चार वर्षों में जो काम किया, उससे दुनिया में भारत के शिक्षण संस्थानों को तवज्जो मिलने लगी है। देश में भी लोगों की सोच सरकारी शिक्षण संस्थानों को लेकर बदली है और आने वाले समय में रैंकिंग में भी बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। इससे पूर्व अकादमी में उन्होंने ट्रेनी आईएएस अधिकारियों को संबोधित कर स्कूली और उच्च शिक्षा के संबंध में वार्ता की।

### बेहतर शिक्षा के लिए आयोजित चिंतन शिविर में शिरकत करने मसूरी पहुंचे जावड़ेकर बोले

### कड़ी सुरक्षा में पहुंचे अकादमी

शुक्रवार सुबह नौ बजे केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर हेलीकॉप्टर से मसूरी के सेंट जार्ज हेलीपैड पहुंचे और यहां से कड़ी सुरक्षा के बीच सड़क मार्ग से एलबीएसएनएए रवाना हुए। यहां उन्होंने एचआरडी की कार्यशाला में शिरकत की। दोपहर करीब 12 बजे वह लौट गए। उनके साथ उच्च शिक्षा राज्य मंत्री धन सिंह रावत भी मौजूद रहे।

पत्र सूचना कार्यालय/Press Information Bureau
भारत सरकार/Government of India
देहरादून/Dehradun
***

समाचार पत्र का नाम/Name of Newspaper: दैनिक जागरण
अवधि/Periodicity: दैनिक
प्रकाशन का स्थान/Place of Publication: देहरादून
दिनांक/Dated: 2-6-18

DJ - 2/6

# बेहतर हुए हैं सरकारी स्कूलों के परिणाम : प्रकाश जावड़ेकर

**संवाद सहयोगी, मसूरी:** केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी में प्रशिक्षु आइएएस अधिकारियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने देश में सरकारी शिक्षा की स्थिति पर बात रखी। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में पहली बार सरकारी स्कूलों के बेहतर परीक्षा परिणाम आए हैं। जो इस बात का प्रमाण है कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

प्रकाश जावड़ेकर शुक्रवार सुबह विशेष हेलीकॉप्टर से सेंट जॉर्ज कॉलेज के हेलीपैड पर उतरे। वहां से विशेष सुरक्षा के बीच उन्हें लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी लाया गया। केंद्रीय मंत्री जावड़ेकर के साथ प्रदेश के उच्च शिक्षा राज्य मंत्री( स्वतंत्र प्रभार) धन सिंह रावत भी मसूरी पहुंचे। अकादमी में चल रही मानव संसाधन विकास कार्यशाला के समापन समारोह में जावड़ेकर प्रशिक्षु अधिकारियों से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने स्कूली और उच्च शिक्षा को लेकर विचार रखे। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मोदी सरकार ने पिछले चार वर्षों में लगातार बेहतर काम किया है। जिसके परिणाम अब नजर आने लगे हैं। कहा कि भारत के शिक्षण संस्थानों को लेकर देश के बाहर भी लोगों की सोच में बदलाव आया है, जिससे आने वाले समय में संस्थानों की रैंकिंग में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। दोपहर 12 बजे केंद्रीय मंत्री हेलीकॉप्टर से देहरादून के लिए रवाना हो गए।

पत्र सूचना कार्यालय/Press Information Bureau
भारत सरकार/Government of India
देहरादून/Dehradun
* * *

समाचार पत्र का नाम / Name of Newspaper: हिन्दुस्तान
अवधि / Periodicity: दैनिक
प्रकाशन का स्थान / Place of Publication: देहरादून
दिनांक / Dated: 2-6-18

हिन्दुस्तान - 2/6

# 'शिक्षा में सुधार को जल्द तैयार होगी कार्ययोजना'

मसूरी | हमारे संवाददाता

एलबीएस प्रशासनिक अकादमी में तीन दिनी एचआरडी कार्यशाला के समापन पर पहुंचे केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि पिछले तीन दिन से एलबीएस अकादमी में स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा में बदलाव को लेकर चिंतन-मंथन किया जा रहा था, जिसमें प्रतिभाग करने का मौका उन्हें भी मिला। उन्होंने कहा कि अकादमी में चिंतन के बाद शिक्षा स्तर में और सुधार को जल्द ही कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

शुक्रवार को मसूरी पहुंचे केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने हैप्पी वैली हेलीपैड पर पत्रकारों से वार्ता में कहा कि देश के इतिहास में पहली बार सरकारी स्कूलों के रिजल्ट बेहतर आए हैं। इससे पता चलता है कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ रही है। उन्होंने

## बोले जावड़ेकर

- एलबीएस अकादमी पहुंचे केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री
- बोले, सरकारी शिक्षण संस्थानों को लेकर बदली लोगों की सोच

कहा कि उच्चतर शिक्षा के लिए मोदी सरकार ने पिछले 4 साल में जो काम किए, उसके कारण उच्च शिक्षा में भी दुनिया में भारत के शिक्षण संस्थानों को ज्यादा तवज्जो मिलने लगी है। उन्होंने कहा कि सरकारी शिक्षण संस्थानों को लेकर लोगों की सोच बदली है। आने वाले समय में रैंकिंग में भी बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। इससे पहले उन्होंने प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों के साथ शिक्षा के बारे में मंथन किया था। बता दें कि शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री सुबह 9 बजे विशेष विमान से मसूरी के सेंट जार्ज हेलीपैड पहुंचे थे।

पत्र सूचना कार्यालय/Press Information Bureau
भारत सरकार/Government of India
देहरादून/Dehradun
* * *

समाचार पत्र का नाम / Name of Newspaper: शाह टाइम्स
अवधि / Periodicity: दैनिक
प्रकाशन का स्थान / Place of Publication: देहरादून
दिनांक / Dated: 2-6-18

शाह टाइम्स -2/6

# मोदी के नेतृत्व में उच्च शिक्षा का विदेश में बढ़ा महत्व: जावडेकर

शाह टाइम्स संवाददाता

मसूरी। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर ने मसूरी दौरे पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता कैसे बने इस पर अधिकारियों का चिंतन शिविर तीन दिनों तक चला जिसमें व्यापक चर्चा हुई जिसके आधार पर आगे की शिक्षा नीति बनाई जायेगी।

लाल बहादुर शास्त्री प्रशासनिक अकादमी मसूरी में देश भर से आए शिक्षाविदों के तीन दिवसीय शिक्षा मंथन शिविर में शामिल हुए केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री प्रकाश जावडेकर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उच्चशिक्षा में गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए तीन दिवसीय मंथन कार्यक्रम किया गया जिसका जो निचोड़ आयेगा उसके हिसाब से आगे की शिक्षा की नीति बनाई जायेगी।



शिविर में शिक्षा के हर पहलू पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उसके अनुसार ही आगे की की कार्य प्रणाली बनाई जायेगी। उन्होंने कहा कि हाल ही में आये सीबीएसई परीक्षा के परिणाम आये हैं जो उत्साह वर्धक हैं। सीबीएसई इंटर का परीक्षा परिणाम 83 प्रतिशत रहा जिसमें सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत रहा व नवोदय विद्यालयों का परीक्षा परिणाम भी 98 प्रतिशत रहा। वहीं अन्य सरकारी व सरकारी मदद से चलने वाले विद्यालयों का परीक्षा परिणाम 85 प्रतिशत रहा जबकि प्राइवेट विद्यालयों का परीक्षा परिणाम 82 प्रतिशत रहा जिससे साफ है कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ी है। जो निश्चित ही उत्साह वर्धक है। केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री प्रकाश जावडेय्कर हेलीकाप्टर से

**▸▸ एलबीएस में आयोजित शिक्षकों के सम्मेलन में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री**

प्रातः पौने नौ बजे सेंटजार्ज के हैलीपैड पर उतरे उनके साथ प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत भी थे। वहां से वह सीधे लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी गये व वहां देश भर से आये शिक्षाविदों के सम्मेलन में शामिल हुए। हैलीपैड पर एसडीएम मसूरी मीनाक्षी पटवाल ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर मौजूद प्रदेश के उच्चशिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धन सिंह रावत ने कहा कि केंद्र सरकार ने रूसा में बहुत पैसा दिया है जिससे शिक्षा में सुधार होगा।